# कार्यालय अधिष्ठाता
## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दंतेवाड़ा (छ0ग0)।
gmcdantewada@gmail.com


क्र./ 74 /शाचिम/अधि. कार्या./2026 दंतेवाड़ा, दिनाँक : 04 /05/ 2026

प्रति,

अधिष्ठाता,
स्व. श्री बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
डिमरापाल जगदलपुर, बस्तर, (छ0ग0)।
पिन नं.– 494001

**विषयः–** **नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दंतेवाड़ा (छ0ग0) हेतु तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के संविदा भर्ती के विज्ञापन को नोडल कॉलेज के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने बाबत्।**

**संदर्भः–** **कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा का पत्र क्रमांक/File no.: ESTB/12183/2026-DME/26 रायपुर, दिनांक 24.04.2026**

––00––

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत लेख है के संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दंतेवाड़ा हेतु विभिन्न पदों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु विज्ञापन को नोडल कॉलेज के वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है।

अतः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र आपकी ओर सादर प्रेषित है।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दंतेवाड़ा (छ0ग0)।

# कार्यालय अधिष्ठाता
# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा छत्तीसगढ़

क्रमांक / 73 / स्था. / अधि. / शा.चि.म. / 2026–27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 04.05.26

## // संविदा भर्ती सूचना //

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग की अधीनस्थ 05 नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों (दन्तेवाड़ा, जांजगीर–चांपा , कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़, कुनकुरी–जशपुर) हेतु स्वीकृत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा में मेडिको–सोशल वर्कर (03 पद), स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 (01 पद), टेक्निशियन (10 पद), सहायक ग्रेड–3 (01 पद), डिसेक्शन हॉल अटेडेन्ट (01 पद) पर संविदा नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 06.05.2026 से 13.05.2026 तक आंमत्रित किये जाते है। भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन, आवदेन की प्रकिया, श्रेणीवार रिक्त पद, आर्हता, आयु सीमा, नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी www.cgdme.in तथा नोडल चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर की वेबसाईट www.gmcjagdalpur.ac.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु लिंक **https://monitoringcell.cgdme.in/mpas/login** है।

अधिष्ठाता
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,**
**दन्तेवाड़ा छत्तीसगढ़**

# कार्यालय अधिष्ठाता
## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय टेकनार दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

क्र./75/स्था./शाचिम/2026 दन्तेवाड़ा दिनांक 04 / 05/2026

**–:विज्ञापन:–**

छ.ग. शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र पृ. क्रमांक EST-103/67/2025-MED नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30/10/2025 के परिपालन में शासकीय नवीन चिकित्सा महाविद्यालय दंतेवाड़ा हेतु स्वीकृत विभिन्न पदों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों को छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक EST-101(2)/177/2025-MED नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 02/03/2026 के द्वारा संविदा भर्ती के माध्यम से भरे जाने हेतु प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के पात्र एवं इच्छुक मूल निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। **पदों की संख्या निम्नानुसार है :–**

**तृतीय श्रेणी**

| स. क्र. | पदनाम | एक मुश्त समेकित वेतन | संविदा भर्ती हेतु कुल पद | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | | अ.ज.जा. | | | अ.जा. | | | अ.पि.व. | | | कुल रिक्तियों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित |
| | | | | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | |
| 1 | मेडिको–सोशल वर्कर | 32,675/- | **03** | 01 | 0 | 0 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | स्टेनोग्राफर ग्रेड –3 | 26,490/- | **01** | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | टेक्नीशियन | 26,490/- | **10** | 02 | 0 | 0 | 05 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | सहायक ग्रेड –3 | 18,000/- | **01** | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | योग :– | **15** | **05** | **0** | **0** | **07** | **02** | **0** | **0** | **0** | **0** | **01** | **0** | 0 | 0 |

**चतुर्थ श्रेणी**

| स. क्र. | पदनाम | एक मुश्त समेकित वेतन | संविदा भर्ती हेतु कुल पद | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | | अ.ज.जा. | | | अ.जा. | | | अ.पि.व. | | | कुल रिक्तियों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित |
| | | | | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | |
| 1 | डिसेक्शन हॉल अटेंडेंट | 14,860/- | **01** | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | योग :– | **01** | **01** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | 0 | 0 |

1. ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय– दिनांक 06.05.2026 से दिनांक 13.05.2026 तक आवेदन करने का लिंक – https://monitoringcell.cgdme.in/mpas/login
2. प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्रवीण्य सूची जारी करना– दिनांक 18.05.2026।
3. ऑनलाईन दावा आपत्ति प्राप्त करना– दिनांक 20.05.2026 तक पोर्टल (https://monitoringcell.cgdme.in/mpas/login) है।
4. प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण– दिनांक 22.05.2026।
5. मेरिट के आधार पर अर्ह अभ्यर्थियों का संस्था में दस्तावेज सत्यापन– दिनांक 25.05.2026 प्रातः 10:00 बजे से।
6. अर्ह अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन– दिनांक 28.05.2026।

टीपः– उपरोक्त संविदा भर्ती की समस्त कार्यवाही हेतु स्थान– स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

**शैक्षणिक योग्यता :– तृतीय श्रेणी**

| स.क्र. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | मेडिको सोशल वर्कर | समाजशास्त्र में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि एवं मेडिको सोशल वर्कर पाठ्यक्रम में डिप्लोमा या संबंधित विषय में एम.फिल.। |
| 2 | स्टेनोग्राफर ग्रेड –3 | 01. मान्यता प्राप्त मंडल से हायर सेकेण्डरी।<br>02 मान्यता प्राप्त मंडल या संस्था से –<br>(क) हिन्दी शीघ्रलेखक के लिये क्रमषः 100 शब्द तथा 25 शब्द प्रति मिनिट की गति से शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन ।<br>(ख) अंग्रेजी शीघ्रलेखन के लिये क्रमषः 100 शब्द तथा 30 शब्द प्रति मिनिट की गति से शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन।<br>(ग) द्विभाषी शीघ्रलेखक के लिये खण्ड (क) तथा (ख) में विर्निदिष्ट अंग्रेजी तथा हिन्दी शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा प्रमाण पत्र।<br>03 मान्यता प्राप्त संस्था से 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा के साथ डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा। |
| 3 | टेक्नीशियन | (1) जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र, एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रषिक्षित।<br>(3) अभ्यार्थी को छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना चाहिए। |
| 4 | सहायक ग्रेड–03 | 01 मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (102) परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय से स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>02. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग मं एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र।<br>03 कम्प्युटर मे हिन्दी टायपिंग का 5000 (KEY) की डिप्रेशन प्रतिघटा की गति (गति के सबंध में कौशल परीक्षाा ली जाएगी) ।<br>04. मान्यता प्राप्त मण्डल/सस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्युटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 (KEY) की डिप्रेशन प्रतिघटा की गति (गति के सबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र । |
| **शैक्षणिक योग्यता :– चतुर्थ श्रेणी** | | |
| 1 | डिसेक्शन हॉल अटेंडेट | किसी मान्यता प्राप्त मंडल से कक्षा आठवी की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। |

**इन पदों पर राज्य शासन द्वारा बस्तर संभाग के लिए निर्धारित आरक्षण रोस्टर अनुसार आरक्षण रखा गया है।**

**नियम एवं शर्तें :–**

1. उपरोक्त विज्ञप्ति में दर्शित पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन हो सकता है।
2. दिनॉक 01.01.2026 की स्थिति में उम्मीदवार की आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 5 वर्ष महिलाओं के लिए 10 वर्ष तथा सभी प्रवर्ग के लिए सभी प्रकार के छूट सहित अधिकतम आयु सीमा की छूट 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त निवास प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

4. तृतीय श्रेणी के पदों के लिए आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में उल्लेखित विवरण यथा जन्म दिनॉक हेतु हाई स्कूल (दसवीं) की अंकसूची/प्रमाण पत्र हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, डिप्लोमा/डिग्री, जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र आदि की मूल प्रतियां एवं स्व–प्रमाणित छायाप्रति तथा चतुर्थ श्रेणी के पद हेतु आठवीं की अंकसूची के साथ जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि की मूलप्रतियां एवं स्व–प्रमाणित छायाप्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा ।

5. किसी भी शासकीय चिकित्सालय/अर्द्धशासकीय/निगम/मण्डल में संविदा/दैनिक वेतन तदर्थ नियुक्ति पर कार्यरत को अनुभव का अंक दी जावेगी बषर्ते आवेदक जिस पद पर आवेदन किया है उसी पद का कार्यानुभव प्रमाण पत्र होना चाहिए। प्रतिवर्ष अनुभव के लिये 02 अंक प्रदान किये जायेंगे। अनुभव के लिये अधिकतम 10 अंक निर्धारित है। प्रत्येक 06 माह की पूर्ण सेवा अवधि पर 01 अंक दिये जायेंगे। नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य किये जायेंगे। अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश की प्रति सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना आवश्यक है। निजी संस्था द्वारा प्रदत्त अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

6. छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर के पत्र क्र. /1–67/2021/सत्रह/एक दिनांक 07.12.2021 के अनुसार कोविड 19 में छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संथाओं में नियुक्त एवं लगातार 06 माह सेवा देने वाले अभ्यर्थी अस्थायी कर्मचारियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर 10 अंक बोनस अनुभव के अतिरिक्त दिया जावेगा।

7. संबंधित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक याग्यता के पाठ्यक्रम की परीक्षा में प्राप्तांक का 80 प्रतिशत अंक मेरिट हेतु जोड़े जायेगें एवं अनुभव के लिये अधिकतम 10 अंक तथा 10 अंक बोनस का होगा । लिखित परीक्षा, अनुभव व बोनस के अंक के आधार पर वरीयता सूची तैयार किया जावेगा।

8. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसको वरीयता प्रदान की जावेगी।

9. स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 एवं सहायक ग्रेड–3 हेतु वरीयता सूची में आने वाले अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा पृथक से आयोजित किया जायेगा, जिसमें शासन के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

10. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को आरक्षित पदों पर नियुक्ति की पात्रता हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

11. चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थिति के समय जिला चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत कराना होगा। अभ्यर्थी का पुलिस वेरीफिकेशन (चरित्र सत्यापन) नियोक्ता द्वारा कराया जायेगा।

12. कार्यालय के वेबसाईट www.gmcjagdalpur.ac.in पर विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन आवदेन किया जा सकता है।

13. अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य अर्हता आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना आवश्यक है।

14. यदि अभ्यर्थी छ.ग. शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हो तो अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख से जारी **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** दस्तावेज सत्यापन के दौरान अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

15. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य/फर्जी पायी जाती है, तो अभ्यर्थी की नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

16. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी प्रकार की वाद पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

17. परिणामों की घोषणा संस्था के सुविधानुसार तिथियों पर की जावेगी जिसकी सूचना समाचार पत्रों में दिया जावेगा एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जाएगा। परिणाम कार्यालय के वेबसाईट www.gmcjagdalpur.ac.in पर देखा जा सकेगा।

18. ये नियुक्तियॉ राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के भर्ती नियम 1989, 2011, 2013, 2015, 2019 एवं छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश क्रमांक एफ

9–1/2008/एफ–3 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 03/02/2022 के अंतर्गत तथा राज्य शासन के भर्ती के संबंध में समय–समय पर दिये निर्देशों/नियमों के अधीन होगी।

19. अलग–अलग पदो के लिए अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

20. नियुक्ति छ0ग0 सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अधीन प्रावधिक होगी तथा नियम 2012 की समस्त शर्ते लागू होगी। नियुक्ति एक वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो तक होगी।

21. उपरोक्त संविदा भर्ती की समस्त कार्यवाही हेतु स्थान स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) रहेगा।

अधिष्ठाता
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**